वारदात

सिर पर बंधी पट्टी ने बढ़ाए सवाल, एफएसएल टीम पहुंची, जांच के घेरे में रिश्तों का एंगल भी

# नाबालिग से दरिंदगी, मां का अर्धनग्न शव प्रेमी के घर में मिला



**शहपुरा नवभारत 26 फरवरी।** शहपुरा थाना क्षेत्र में सामने आई एक दर्दनाक और रहस्यमय घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। एक ओर जहां नाबालिग बालिका के साथ गंभीर आपराधिक कृत्य की आशंका जताई जा रही है, वहीं उसकी मां का शव संदिग्ध परिस्थितियों में अर्धनग्न अवस्था में मिलने से मामला और भी उलझ गया है।

बालिका को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकीय निगरानी में उसका उपचार जारी है। पुलिस ने अभी आधिकारिक रूप से किसी अपराध की पुष्टि नहीं की है, लेकिन घटनास्थल की परिस्थितियां गंभीर वारदात की ओर संकेत कर रही हैं।

### मोहनी रहठा क्षेत्र में हुआ था मृतिका का विवाह

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, मृतिका का विवाह मोहनी रहठा क्षेत्र में हुआ था और उसे चार संतान हैं। करीब तीन वर्ष पूर्व उसके पति का निधन हो चुका था। बताया जा रहा है कि पिछले लगभग पांच माह से महिला अपनी नाबालिग बेटी के साथ शहपुरा के वार्ड क्रमांक 6 में अपने कथित प्रेमी के घर रह रही थी। जिस मकान में महिला का शव मिला, वह उसी व्यक्ति का बताया जा रहा है। अब जांच एजेंसियां यह भी खंगाल रही हैं कि क्या इस रिश्ते को लेकर कोई विवाद था?

### महिला को सिर पर चोट लगी थी : थाना प्रभारी

महिला का शव घर के भीतर एक कमरे में अर्धनग्न अवस्था में मिला। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि उसके सिर पर पट्टी बंधी हुई थी। थाना प्रभारी के अनुसार, प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि महिला को चोट लगी थी और किसी ने उसका प्राथमिक उपचार किया। अब यह जांच का विषय है कि उपचार किसने किया। यह तथ्य पूरे घटनाक्रम को और अधिक संदिग्ध बना रहा है।

### एफएसएल टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए

मामले की गंभीरता को देखते हुए बालाघाट से फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम को बुलाया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार टीम को कुछ समय तक थाना प्रभारी के पहुंचने का इंतजार करना पड़ा, जिससे प्रारंभिक जांच में विलंब की चर्चा भी क्षेत्र में रही। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी सतर्कता और विधिक प्रक्रिया के तहत की जा रही है।

### परिजनों में आक्रोश, कड़ी कार्रवाई की मांग

मृतिका के परिजनों ने मामले में निष्पक्ष और त्वरित जांच की मांग की है। उनका कहना है कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए। घटना के बाद पूरे वार्ड और आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। लोग स्तब्ध हैं कि एक ही घर में मां-बेटी के साथ ऐसा भयावह घटनाक्रम कैसे घटित हुआ। फिलहाल पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश में जुटी है और संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है।

**इनका कहना है**

हमें सूचना मिली कि वार्ड नंबर 6 चौधरी मोहल्ला शहपुरा में हरिओम चौधरी के घर में महिला का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद टीम के साथ यहां आकर देखा तो घर के अंदर बाथरूम के पास एक महिला मृत अवस्था में बैठी अवस्था थी, जिसके सिर पर चोट है। प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका लग रही है, वही उसकी नाबालिक बेटी के साथ कुछ दरिंदगी की आशंका भी जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

**अनुराग जामदार**
**थाना प्रभारी शहपुरा**

# कागजों में बन गई पनपथा से कोठिया तक सड़क

मुरमीकरण के नाम पर वन विभाग लाखों रुपए खर्च कर निकाल ली राशि



**चिल्हारी नवभारत 26 फरवरी।** विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अंतर्गत पनपथा रेंज कोठियां सड़क निर्माण मुरमीकरण के नाम पर कई लाखों रुपए की होली खेली गई और सड़क कागजों में बनकर ही सीमित रह गई।

स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो वर्ष 2024-25 में पनपथा से कोतियां मुरूमीकरण सड़क बनाने के लिए लगभग 8 लाख रुपए वन विभाग द्वारा स्वीकृत किए गए थे ताकि कोठियां के आदिवासियों जंगल में निवासरत जनता जनार्दन को आवागमन में सुविधा हो और विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं को आने जाने में परेशानी ना हो सहजता सरलता से अपना आवागमन सुचारू रूप से कर सकें लेकिन जनता के रक्षक ही भक्षक बन जाए तो क्या होगा।

### तत्कालीन रेंजर ने अधिकारियों से की सांठगांठ

वन विभाग में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों की सांठगांठ से तत्कालीन रेंजर शिवपाल सिंह मार्को ने भ्रष्टाचार कर वन विभाग को सवाल के घेरे में खड़ा कर दिया। आदिवासी जिला उमरिया से एक तस्वीर आई है जो सवाल खड़ा कर रही है और सवाल खड़ा भी होना चाहिए मुरूमीकरण सड़क निर्माण के नाम पर लाखों रुपए कागजों में खर्च कर सड़क बना दी गई, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

### सिस्टम की लापरवाही का नतीजा आदिवासी भुगत रहे

जंगल होते हुए आदिवासी कच्ची पगडंडी से होकर गुज़रते हैं, वहीं इस रास्ते से प्रतिदिन बच्चे विद्यालय पनपथा आते हैं। सिस्टम की लापरवाही का नतीजा आदिवासी भुगत रहे हैं। क्या जिम्मेदार अधिकारियों के साथ मिलकर यह सब खेल हो गया। आदिवासी ग्रामीणों ने दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# अवैध खनन पर 3 दिन में चार वाहन जब्त

जिला प्रशासन की सख्त कार्यवाही



**डिंडौरी, नवभारत 26 फरवरी।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर जिला प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा राजस्व एवं पुलिस अमले के साथ संयुक्त रूप से चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते दो दिनों में अलग-अलग क्षेत्रों से चार वाहनों को जब्त कर स्पष्ट संकेत दिया गया है कि नियमों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

25 फरवरी को तहसील बजाग एवं थाना करंजिया क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान रेत का ओवरलोड परिवहन करते पाए जाने पर वाहन क्रमांक एमपी 65 जेडबी 6129 (407) को जब्त कर थाना करंजिया में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। इसी प्रकार 26 फरवरी को थाना गाड़ासरई क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन करते पाए जाने पर दो वाहनों पर कार्रवाई की गई।

**खनिज नियमों के तहत प्रकरण दर्ज**-इसके अतिरिक्त डिंडौरी क्षेत्र में अवैध मुरूम उत्खनन करते पाए जाने पर ट्रैक्टर को जब्त कर थाना कोतवाली डिंडौरी में रखा गया है। सभी मामलों में खनिज नियमों के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। प्रकरण न्यायालय कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ का महाअधिवेशन 31 मार्च से

**चिल्हारी नवभारत 26 फरवरी।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का दो दिवसीय महाअधिवेशन इस वर्ष 31 मार्च और 1 अप्रैल को खरगोन जिले में आयोजित किया जाएगा। इस बार महाअधिवेशन की मेजबानी निमाड़ संभाग की खरगोन जिला इकाई करेगी। यह प्रस्ताव इंदौर एवं निमाड़ संभाग के प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष परसराम चौहान द्वारा उज्जैन में आयोजित कार्यसमिति बैठक में सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया गया जिसे प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने स्वीकार करते हुए खरगोन में महाअधिवेशन आयोजित करने की घोषणा की। घोषणा के बाद सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

# पैरा मेडिकल कॉलेज में छात्राओं के साथ छलावा

जन सुनवाई में कलेक्टर को छात्राओं ने सुनाई आप बीती

**नवभारत उमरिया 26 फरवरी।** विवेकानंद पैरा मेडिकल कॉलेज विकटगंज में अध्ययनरत छात्राओं के धैर्य का बांध आखिरकार तीन वर्ष के बाद टूट गया और जन सुनवाई में पहुंच कर आप बीती कलेक्टर धरणेन्द्र जैन के समक्ष प्रस्तुत की।

ज्ञापन देने वाली विवेकानंद पैरा मेडिकल कॉलेज की छात्राओं ने बताया कि हमने बीएमएलटी की पढ़ाई के लिए वर्ष 2023 में दाखिला लिया था तब से अनवरत रूप से कालेज में अध्ययनरत है, लेकिन तीन वर्ष बीत गए न तो हमारा परीक्षा फार्म आज तक भरवाया गया और न ही हमारी परीक्षा आयोजित की गयी। पिछले वर्ष भी जब परीक्षा फार्म भरवाये जा रहे थे तब कालेज प्रबंधन से बात की थी, तब यह कह कर शांत कर दिया गया था कि आप लोगों की परीक्षा अगले सत्र में आयोजित की जायेगी। इस सत्र में भी छात्राओं के परीक्षा फार्म नहीं भराये गये।

### उपस्थिति 75 प्रतिशत नहीं है : पाण्डेय

विवेकानंद पैरा मेडिकल कॉलेज के जय कुमार पाण्डेय कहा कहना है कि छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत अनिवार्य है, लेकिन छात्राओं की उपस्थिति कम होने के कारण परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जा सकता। कुछ छात्राओं के दस्तावेज अपूर्ण है, जिस कारण इन छात्राओं को परीक्षा में नहीं बैठ पा रही है।

### वित्तीय अनियमितता की जताई आशंका

यह मामला काफी गंभीर हैं की विवेकानंद पैरा मेडिकल कॉलेज में छात्रायें पिछले तीन वर्ष से अध्ययनरत है फिर इनके साथ यह छलावा किसी गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की ओर इशारा करता है। मामले की जांच अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपी गई है। छात्राओं के साथ हो रहे छलावा की असलियत जांच में उजागर होने की आस लगायी जा रही हैं।

## करंजिया अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**डिंडौरी, नवभारत 26 फरवरी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा जनपद पंचायत करंजिया, जिला डिण्डौरी के अध्यक्ष पद के निर्वाचन के संचालन हेतु प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियम के अंतर्गत गोविंद सिंह चौहान को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। जिला प्रशासन से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजाग रामबाबू देवांगन को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न करायेंगे। जनपद पंचायत करंजिया के अध्यक्ष पद का निर्वाचन 27 फरवरी 2026 शुक्रवार को नियत है।



## मावा-पनीर सहित मिठाई एवं नमकीन की जांच

खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर लिए नमूने

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने होली के दृष्टिगत शहर के प्रमुख मिठाई, मावा और नमकीन विक्रय प्रतिष्ठानों का बुधवार को निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मौके पर ही मावा, घी और पनीर जैसे दुग्ध उत्पादों का प्राथमिक परीक्षण किया, जिसमें यूरिया, डिटर्जेंट, स्टार्च या अनधिकृत शर्करा की उपस्थिति नहीं पाई गई। अधिकारियों ने व्यापारियों को मिठाई और नमकीन बनाने तथा संग्रहित करने की प्रक्रिया में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के स्वच्छता एवं सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान रजवाड़ी स्वीट्स (रांझी) से गुझिया एवं मावा कतली, नर्मदा डेयरी से मावा और पनीर, राजस्थान मिष्ठान्न भण्डार (रामपुर) से नमकीन, बेस्ट बंगाल स्वीट्स से खोवा बर्फी एवं बेसन लड्डू, सत्यनारायण गुजराती नमकीन से नमकीन, ओम बीकानेर मिष्ठान्न भण्डार से खोवा एवं बालाजी स्वीट्स से खोवा बर्फी आदि के नमूने लिये गए।

# फंड का उपयोग मूलभूत समस्याओं के निराकरण में करें : सिंह

सांसद की अध्यक्षता में डीएमएफ एवं दिशा समिति की बैठक आयोजित



**नवभारत उमरिया 26 फरवरी।** शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार उमरिया में डीएमएफ एवं दिशा समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में बताया गया कि डीएमएफ फंड की राशि में उच्च प्राथमिकता के कार्यो में 60 प्रतिशत तथा अन्य प्राथमिकता वाले कार्यो में 40 प्रतिशत की राशि उपयोग कि जाती है। सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र श्रीमती सिंह ने कहा कि डीएमएफ फंड का उपयोग ज्यादा से ज्यादा मूलभूत समस्याओं एवं आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने के लिए किया जाए। आंगनबाडी केंद्रो में लाईट, पानी की सुविधा, ग्रामीण स्तर पर खेलने योग्य खेल मैदान बनाने पर जोर दिया जाए।

### टॉवर की स्थापना करने प्रस्ताव तैयार किए जाए

उन्होंने कहा कि जहां नेटवर्क की समस्या है, वहां पर टॉवर की स्थापना करने के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। उन्होने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार व्दारा अनेक हितग्राहीमूलक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है । शासकीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगो तक पहुंचे, इसके लिए आवश्यक है कि 10 से 15 ग्रामों के बीच कैंप आयोजित किए जाए और ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करते हुए शासकीय योजनाओं से लाभांवित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए

उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल प्रारंभ होने वाला है। ग्रीष्मकाल में उमरिया जिलेवासियों को पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए आवश्यक है कि डीएमएफ मद से पानी की व्यवस्था की जाए, ताकि आम जनों को पेयजल के लिए परेशानियों का सामना नही करना पड़े और उन्हे सहजता के साथ पेयजल उपलब्ध हो सके।

### पानी की गुणवत्ता चेक की जाए

सांसद हिमाद्री सिंह ने नल जल योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि नल जल योजना का उद्देश्य है कि हर घर शुध्द जल पहुंचे, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा पानी की गुणवत्ता को चेक किया जाए। उन्होने कहा कि उमरिया जिले में जिन ठेकेदारों के व्दारा नल जल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है परंतु ग्रामवासियों को नल से जल नही मिल रहा है या नल जल योजना का कार्य गुणवत्ता के साथ नही किया गया है, ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड करने की कार्यवाही की जाए।

पर्दाफाश

गाडासरई पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मुख्य आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

# बघरेली-धनौली अंधे कत्ल का 8 घंटे में खुलासा



**डिंडोरी, नवभारत 26 फरवरी।** विगत दिवस पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि जिले के गाडासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बघरेली-धनौली के मध्य सड़क किनारे खेत में मिले अज्ञात शव की गुत्थी को पुलिस ने महज 8 घंटे में सुलझाकर बड़ी सफलता हासिल की है। इस सनसनीखेज अंधे कत्ल मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसका एक साथी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

सूचना मिलते ही थाना गाडासरई पुलिस मौके पर पहुंची। शव लहूलुहान अवस्था में पड़ा था और प्रथम दृष्टया हत्या प्रतीत हो रही थी। मामले की जानकारी तत्काल पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह को दी गई, जिन्होंने त्वरित गिरफ्तारी के निर्देश दिए ।जांच में मृतक की पहचान भारत लाल नंदा, निवासी ग्राम मझियाखार जिला सिवनी, के रूप में हुई, जो भारतीय डाक विभाग में चपरासी पद पर कार्यरत थे। परिजनों की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज किया गया।

### जांच में चौंकाने वाला खुलासा

मौके पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए ।जांच में सामने आया कि मृतक शराब का आदी था और पारिवारिक विवाद चलता रहता था। घटना की पूर्व संध्या पर उसका साला पारसमणी उर्फ भूरा मांझी, निवासी ग्राम कर्बेमट्टा, रिश्तेदारी में आया हुआ था। पारिवारिक रंजिश के चलते आरोपी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर मृतक को मड़वा नाच दिखाने और शराब पिलाने के बहाने बाहर ले गया। रास्ते में अत्यधिक शराब पिलाकर पत्थरों से वार कर उसकी हत्या कर दी गई। पहचान छुपाने के उद्देश्य से मृतक का सिर पत्थरों से कुचल दिया गया और आरोपी फरार हो गए।

### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

गाडासरई पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मुख्य आरोपी पारसमणी उर्फ भूरा मांझी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से खून लगे पत्थर और अन्य सामग्री बरामद की गई है। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एक अन्य आरोपी की तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।



## 3300 ने दिया गणित का पेपर, 30 रहे अनुपस्थित

बुधवार को 97 केंद्रों पर हुई बारहवीं की बोर्ड परीक्षा

**नवभारत, जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में बुधवार को गणित का पेपर था। यह पेपर 3300 विद्यार्थियों ने दिया जबकि 30 अनुपस्थित थे। सहायक संचालक आर के बधान से मिली जानकारी के अनुसार यह परीक्षा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में मिलाकर 97 केंद्रों में आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 3330

विद्यार्थी शामिल होने वाले थे, लेकिन 3300 विद्यार्थी ने ही गणित विषय की परीक्षा दी। जबकि 30 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। इस परीक्षा में कोई भी नकल प्रकरण सामने नहीं आया है, सुबह से ही सभी कलेक्टर प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संबंधित थानों से पेपर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाए गए, एवं सील बंद खोले गए।

**उड़न दस्ते की टीम ने किया निरीक्षण**-बोर्ड परीक्षा में नकल पकड़ने के लिए जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा एक टीम का गठन किया गया था। जो सभी परीक्षा केंद्र में पहुंचकर आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर रहे हैं और नियमित तौर से चल रहीं परीक्षाओं पर भी नजर रख रहे हैं। इसके अलावा नकल करने वालों के ऊपर भी इनकी पैनी नजर रहती है। बुधवार को भी गणित के पेपर में उड़न दस्ता की टीम ने विभिन्न केंद्र में जाकर निरीक्षण किया।

**आज राजनीति शास्त्र का पेपर**-बारहवीं कक्षा में आज गुरुवार को राजनीति शास्त्र विषय लेने वाले विद्यार्थियों का पेपर है।

# होली को छोड़कर सभी अवकाश दिवसों में खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय




**डिंडोरी, नवभारत 26 फरवरी।** शासन के राजस्व हितों एवं आमजन को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महानिरीक्षक पंजीयन मध्यप्रदेश द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जारी निर्देशानुसार माह मार्च 2026 में होली के अवकाश को छोड़कर शेष सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों, प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को जिले के समस्त पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने इस संबंध में जिला स्तर पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अवकाश दिवसों में भी पंजीयन कार्यालयों का संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को दस्तावेज पंजीयन में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो तथा शासन को अपेक्षित राजस्व प्राप्त हो सके।

